मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-366
14/10/2019

मुख्यमंत्री ने आपदा सहायता राशि के ऑनलाइन हस्तांतरण का किया शुभारंभ

पटना, 14 अक्टूबर 2019 :– एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सितंबर माह के तृतीय सप्ताह में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि एवं चतुर्थ सप्ताह में अतिवृष्टि के कारण राज्य के 15 जिलों यथा पटना, भोजपुर, भागलपुर, नवादा, नालंदा, खगड़िया, समस्तीपुर, लखीसराय, बेगूसराय, मुंगेर, बक्सर, कटिहार, जहानाबाद, अरवल एवं पूर्णिया जिले के बाढ़ पीड़ित परिवारों को अनुग्रहिक राहत हेतु नगद अनुदान 3000 रुपए तथा खाद्यान्न हेतु नगद 3000 रुपए यानि कुल 6000 रुपए का पी0एफ0एम0एस0 प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में (डी0बी0टी0) हस्तांतरण करने का शुभारम्भ माउस क्लिक कर किया।

पहले चरण में 15 बाढ़ ग्रस्त जिलों के कुल 2 लाख 27 हजार 649 सत्यापित परिवारों के बीच कुल 136 करोड़ 58 लाख 94 हजार रूपये अनुग्रहिक सहायता राशि का हस्तांतरण पी0एफ0एम0एस0 प्रणाली के माध्यम से आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक के द्वारा सीधे उनके खाते में किया गया। यह राशि 48 घंटे के अंदर उन्हें प्राप्त हो जाएगी। अब तक बाढ़ग्रस्त 15 जिलों के 95 प्रखंडों के अंतर्गत 616 पंचायतों में लगभग 7.22 लाख परिवार बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रभावित परिवारों को दीपावली के पहले भुगतान कर दिया जाय साथ ही सूखे से प्रभावित लोगों को भी दीपावली से पहले भुगतान कर दें। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे परिवार भी हैं जिनका खाता नहीं खुला है उनका भी खाता खुलवाएं और भुगतान सुनिश्चित करवाएं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विषेश कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित आपदा प्रबंधन विभाग के पदाधिकारी एवं आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

******